संख्या- 194 /2023/1308/चार-2023

प्रेषक,

उमा द्विवेदी,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभागः लखनऊःदिनांक 12 मई, 2023

विषय- दिनांक 27-30 नवम्बर, 2022 के अवधि मे 41वें रामायण मेला, अयोध्या मे आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम पर हुये व्यय की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध मे।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया अपने पत्र सं0-292/सं0नि0-15(52)/2019-20 दिनांक 01 मई, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध मे मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार दिनांक 27-30 नवम्बर, 2022 के अवधि मे 41वें रामायण मेला, अयोध्या मे आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम पर हुये व्यय रू0 1,29,875/- (रूपये एक लाख उन्तीस हजार आठ सौ पचहत्तर मात्र) की कार्योत्तर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों के अधीन श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते हैं-:

(1) समस्त कार्यों का सत्यापन कर नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(2) उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा। धनराशि आहरित करके बैंक पोस्ट आफिस मे जमा नही कीजायेगी।

(3) उक्त स्वीकृति इस प्रतिबन्ध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृति धनराशि आवंटित मदों पर व्यय की जायेगी, अन्य मदों हेतु कदापि व्यय नही किया जायेगा।

3. उक्त धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक के अन्तर्गत अनुदान सं0-92 आयोजनेत्तर पक्ष के लेखाशीर्षक 2205-कला एवं संस्कृति-001-निदेशक एवं प्रशासन-102 कला एवं संस्कृति का संवर्द्धन-16 नये क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र-42- अन्य व्यय मद मे उपलब्ध धनराशि से किया जायेगा।

भवदीया,
(उमा द्विवेदी)
संयुक्त सचिव।

संख्या- 194 /2023/1308/चार-2023, तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)प्रथम, उ0प्र0 प्रयागराज।
2. मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
3. वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त(ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
5. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(उमा द्विवेदी)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।